tnkalvi.online

No. of Printed Pages : **6**

6145

Register Number | | | | | | | |

Language – Part IV – HINDI

Time Allowed : 3.00 Hours] [Maximum Marks : 100

सूचना : (1) छपाई की स्वच्छता के लिए प्रश्न पत्र की जाँच करें। यदि स्वच्छता में कोई कमी नज़र आए, तो तुरंत कक्षा पर्यवेक्षक को सूचित करें।

(2) प्रश्नों का उत्तर देने के लिए **नीले** या **काले** स्याही का उपयोग करें।

Instructions : (1) Check the question paper for fairness of printing. If there is any lack of fairness, inform the Hall Supervisor immediately.

(2) Use **Blue** or **Black** ink to write and underline.

भाग – I
(15 Marks)

सही उत्तर चुनकर लिखिए। **15x1=15**

Choose the **correct** answer from the options given.

1. कबीरदास की रचनाएँ _____ भागों में विभाजित हैं।
(अ) 3 (आ) 5 (इ) 4 (ई) 2

2. चुभते चौपदे के रचयिता _____ हैं।
(अ) सुभद्रा कुमारी चौहान (आ) अयोध्यासिंह उपाध्याय
(इ) हरिवंशराय बच्चन (ई) महादेवी वर्मा

3. मधुशाला _____ की प्रमुख रचना है।
(अ) महादेवी वर्मा (आ) हरिवंशराय बच्चन
(इ) मैथिलीशरण गुप्त (ई) माखनलाल चतुर्वेदी

4. कविवर रहीम _____ के प्रधान मंत्री थे।
(अ) शाहजहाँ (आ) अकबर (इ) सिकन्दर (ई) बीरबल

5. मैथिलीशरण गुप्त भारत के _____ कवि हैं।
(अ) प्रसिद्ध (आ) देश (इ) राष्ट्र (ई) प्रिय

6. लोभ _____ का लक्षण है।
(अ) निरोग (आ) बीमारी (इ) संतोष (ई) स्वार्थ

[Turn over

TN Kalvi Online · tnkalvi.online/question-papers/class-10-hindi-part-iv-public-may-2022 · Source: DGE TN
Share your study materials with us: tnkalvi.online/share

tnkalvi.online

7. मोहन _____ दर्द के कारण विद्यालय नहीं जाना चाहता था।
(अ) सिर (आ) पेट (इ) आँख (ई) कान

8. संत विनोबा भावे _____ के सिद्धांतों को मानते थे।
(अ) नेहरू (आ) महात्मा गांधी
(इ) गोपालकृष्ण गोखले (ई) राजाराम मोहन राय

9. संज्ञा के _____ भेद हैं।
(अ) दो (आ) चार (इ) पाँच (ई) छः

10. आप _____ सर्वनाम का उदाहरण है।
(अ) निश्चयवाचक (आ) अनिश्चयवाचक (इ) निजवाचक (ई) प्रश्नवाचक

11. लंबा _____ विशेषण का उदाहरण है।
(अ) गुणवाचक (आ) संख्यावाचक (इ) परिणामवाचक (ई) सांकेतिक

12. संख्यावाचक विशेषण के उदाहरण हैं _____।
(अ) दो मीटर (आ) चार लड़के (इ) सज्जन (ई) लंबा

13. घर के चबूतरे के पास _____ का पेड़ था।
(अ) मौलिसिरी (आ) पीपल (इ) बरगद (ई) आम

14. खान की उम्र _____ वर्ष की है।
(अ) बीस (आ) पैंतीस (इ) इक्तीस (ई) तीस

15. हींगवाला कहानी का लेखक है _____।
(अ) सुभद्रा कुमारी चौहान (आ) सुदर्शन (इ) प्रेमचन्द (ई) दिनकर

भाग - II
(18 marks)
अंश - 1

किन्हीं चार प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर दीजिए। **4x2=8**
Answer **any four** questions briefly.

16. पूरा कीजिए।
जिन ढूँढा ----------।
---------- बैठि।।

17. कबीर का साधु के बारे में विचार क्या है?

TN Kalvi Online · tnkalvi.online/question-papers/class-10-hindi-part-iv-public-may-2022 · Source: DGE TN
Share your study materials with us: tnkalvi.online/share

tnkalvi.online

18. गुप्त जी की प्रमुख रचनाएँ क्या-क्या हैं?

19. लोभ किसे कहते हैं?

20. मानव कल्याण कैसे हो सकता है? बताइए।

21. माँ मोहन के पेट के दर्द से क्यों परेशान हुई और वैद्य से क्या बोली?

अंश - 2

किन्हीं पाँच प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर दीजिए। **5x2=10**
Answer **any five** questions briefly.

22. संज्ञा किसे कहते हैं? उदाहरण दीजिए।

23. मैं आज बाहर जाऊँगा। इस वाक्य में सर्वनाम को रेखांकित कीजिए।

24. गुणवाचक विशेषण किसे कहते हैं?

25. पुरुषवाचक सर्वनाम कितने प्रकार के होते हैं? वे क्या-क्या हैं?

26. क्रिया किसे कहते हैं?

27. वह लौट आए। (शुद्ध कीजिए)

28. अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए।
(क) जो मार्ग दिखाता हो।
(ख) जिसने शिक्षा पायी हो।

भाग - III
(18 marks)
अंश - 1

किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए। **2x3=6**
Answer **any two** questions.

29. द्विवेदी जी ने लोभ मनोविकार के बारे में क्या कहा?

30. विनोबा जी के अनुसार वर्तमान शिक्षा कैसी होनी चाहिए?

31. कवि नूतन युग में क्या-क्या चाहते हैं?

[Turn over

TN Kalvi Online · tnkalvi.online/question-papers/class-10-hindi-part-iv-public-may-2022 · Source: DGE TN
Share your study materials with us: tnkalvi.online/share

tnkalvi.online

अंश - 2

किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रश्न संख्या **34 अनिवार्य** है। **2x3=6**

Answer **any two** questions. Question No. **34** is **compulsory**.

32. मैथिलीशरण गुप्त मातृभूमि की संतान किसे मानते हैं?

33. रहीम ने विपदा को क्यों भली माना है?

34. (अ) मातृभूमि के विविध रूप का परिचय दीजिए।

अथवा

(आ) कवियों की नयी तान क्या है?

अंश - 3

वाच्य बदलिए : (**किन्हीं दो**) **2x3=6**

Change voice of **any two** sentences.

35. रामू समाचार पत्र पढ़ता है।

36. आज अध्यापक ने एक साथ पढ़ाया।

37. बिल्ली से सारा दूध पिया गया।

भाग - IV
(25 marks)

पाँच प्रश्नों के उत्तर दीजिए। **5x5=25**

Answer **all** the **five** questions.

38. (अ) मैथिलीशरण गुप्त अथवा हरिवंशराय ''बच्चन'' का परिचय दीजिए।

अथवा

(आ) सप्रसंग व्याख्या कीजिए।

जा घट प्रेम न संचरै, सो घट जान मसान।
जैसे खाल लोहार की, साँस लेत बिनु प्रान॥

39. पूर्ण कीजिए।

Complete the following.

(अ) जाको राखै ----------
---------- बैरी होय॥

अथवा

(आ) अन्तर दाव ----------
---------- बीती होई॥

TN Kalvi Online · tnkalvi.online/question-papers/class-10-hindi-part-iv-public-may-2022 · Source: DGE TN
Share your study materials with us: tnkalvi.online/share

tnkalvi.online

40. अंग्रेजी में अनुवाद कीजिए।

Translate the following into English.

(अ) आज का बालक कल का नागरिक है।

(आ) गरीबी और भूख दोनों शापों को देश से हटाना चाहिए।

(इ) हर भारतवासी का कर्तव्य है कि वह देश की सेवा कर आजाद को बनाए।

(ई) प्रकृति के अनुसार अपने को बदल लेना प्रकृति पर मनुष्य की विजय नहीं है।

(उ) दुनिया की चीजों के पीछे दौड़ने से मन की शांति जाती रहती है।

41. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

सुकरात के जीवन का अंतिम समय करीब आ गया था। उसे प्राण दण्ड की आज्ञा के कारण विष का प्याला पीना पड़ा। अपनी जीवन यात्रा समाप्त करने के पहले उसने शिष्यों और मित्रों के सामने मृत्यु के बारे में एक सुंदर भाषण दिया। उसने कहा कि आत्मा का इस नश्वर शरीर से मुक्त होना ही मृत्यु कहलाता है। सुकरात ने भाषण देकर विष पिया तो उसके शिष्य और मित्र फूट-फूट कर रोने लगे। सुकरात ने कहा क्या आपको मालूम नहीं कि मैंने अपनी पत्नी को यहाँ से दूर किया, केवल इसलिए कि शांति से मरना चाहता हूँ। आप भी रोये बिना अंतिम घड़ी तक मेरे साथ रहे, यही मेरी प्रार्थना है।

(अ) सुकरात ने क्यों विष पिया?

(आ) सुकरात के अनुसार मृत्यु क्या है?

(इ) सुकरात ने अपनी पत्नी को दूर क्यों किया?

(ई) मृत्यु का विलोम शब्द लिखिए।

(उ) गद्यांश का उचित शीर्षक दीजिए।

42. (अ) **सही** जोड़ मिलाइए।

(क) कोई	–	प्रश्नवाचक सर्वनाम
(ख) लंबा	–	समूहवाचक संज्ञा
(ग) अचानक	–	अनिश्चयवाचक सर्वनाम
(घ) कौन	–	रीतिवाचक क्रिया विशेषण
(ङ) सेना	–	गुणवाचक विशेषण

अथवा

(आ) वाच्य बदलिए।

(क) उसने दान दिया।

(ख) हमसे फल खरीदा जाएगा।

(ग) तुम पाठ सिखाओगे।

(घ) राज चिट्ठी लिखता है।

(ङ) गीता ने पाठ पढ़ी।

[Turn over

TN Kalvi Online · tnkalvi.online/question-papers/class-10-hindi-part-iv-public-may-2022 · Source: DGE TN
Share your study materials with us: tnkalvi.online/share

tnkalvi.online

भाग – V

(24 marks)

प्रश्नों का **विस्तृत** उत्तर दीजिए। **3x8=24**

Answer **all** questions.

43. (अ) पांचजन्य कविता का सारांश लिखिए।

अथवा

(आ) कर्मवीर कविता का सारांश लिखिए।

44. (अ) लोभ पाठ का सारांश लिखिए।

अथवा

(आ) ऐसे-ऐसे एकांकी का सारांश लिखिए।

45. (अ) बदला कहानी का सारांश लिखिए।

अथवा

(आ) "हींगवाला" कहानी का सारांश लिखिए।

- o 0 o -

tnkalvi.online

TN Kalvi Online · tnkalvi.online/question-papers/class-10-hindi-part-iv-public-may-2022 · Source: DGE TN
Share your study materials with us: tnkalvi.online/share